7/22/PS/14
19/1/2021

11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस
25 जनवरी, 2021

# राजस्थान सरकार
## निर्वाचन विभाग

विषय : दिनांक 25 जनवरी, 2021 को 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करवाने एवं मतदाता शपथ दिलवाने बाबत्।

PS/ JS-II

जैसा कि आपको विदित है कि प्रतिवर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाता है। 25 जनवरी, 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना होने के कारण इस दिवस को इस रूप में मनाया जाना लोकतंत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस सम्बंध में दिनांक 06 जनवरी, 2021 को निर्देश जारी किये गये है कि आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2021 को सभी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों एवं सभी राजकीय विभागों में राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड–19 सुरक्षा मापदण्डों की पालना करते हुए मतदाताओं को प्रातः 11:00 बजे शपथ दिलवाई जावे, जिससे प्रजातंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

S.DS
19-1-2021

इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त पत्र एवं शपथ का प्रारूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) सलंग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा है कि आप अपने अधीनस्थ सभी विभागों एवं कार्यालयों को इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश जारी कर पालना सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से निर्वाचन विभाग को अवगत कराएगें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(निरंजन आर्य)
मुख्य सचिव
राजस्थान सरकार

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव
समस्त प्रमुख शासन सचिव
समस्त शासन सचिव
शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर

यू०ओ० नोट क्रमांक : एफ.4(3)(3)स्वीप/निर्वा/NVD-2021/192
जयपुर, दिनांक : 13.01.21

क्रमांकः एफ.4(3)(3)स्वीप/निर्वा/NVD-2021/192 जयपुर, दिनांक : 13.1.21

प्रतिलिपि समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है:--

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर।

Scanned with CamScanner

## ELECTION COMMISSION OF INDIA

Pledge For National Voters' Day, 25th January 2021

## मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें"।

## Voters' Pledge

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement".